RAO PAHLAD SINGH DEGREE COLLEGE
(Approved by DGHE / Govt. of Haryana & Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur)
Satnali Road Balana, Mohindergarh Haryana-123029
Telephone: 01285-241432 Fax: 241431
E-mail: rpsbalana@gmail.com, Website: www.rpsdegreecollege.org

Date: 25-11-2022

To

The Principal
RPS Degree College
Balana (Mahendergarh)

**Subject: Number of Students Passed in Final Year Exam of the Session 2021-2022**

Respected Sir,

With reference to the subject cited above, I am here by submitting the total number of students of various classes appeared in the final semester examination held in July-August 2022 and passed out.

| Program Name | Total Number of Students | Number of students appeared in the final year examination | Number of students passed in final year examination |
|---|---|---|---|
| B.A. | 89 | 89 | 87 |
| B.Com (Pass) | 62 | 62 | 59 |
| B.Sc. (Medical) | 102 | 102 | 101 |
| B.Sc. (Non-Medical) | 149 | 149 | 132 |
| B.Sc. Honors Physics | 33 | 33 | 31 |
| B.Sc. Honors Chemistry | 37 | 36 | 35 |
| B.Sc. Honors Mathematics | 71 | 71 | 70 |
| M.Sc. Physics | 67 | 67 | 66 |
| M.Sc. Mathematics | 72 | 72 | 67 |
| M.Sc. Chemistry | 64 | 63 | 61 |
| M.Sc. Geography | 31 | 31 | 31 |
| **Total** | **777** | **775** | **740** |

JK

**Dr. Jitendra Kumar**
Controller of Examinations

Forward to Dean Academic

Reviewed and analysed
Little bit improvement is required in Non-medical
forwarded to principal

seen

Principal
RPS Degree College
Balana (M/Garh)

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 15 Dec 2021

(दिल म स्टट डालकर रूकावट का रहा ह।

# आरपीएस कॉलेज का परिणाम में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के तहत बीएससी ऑनर्स कैमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना ने अपनी परम्परा व प्रतिष्ठा के अनुसार परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पारूल सिंह ने 91 प्रतिशत व कुसुम लता ने ८९.८ प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज, क्षेत्र व अभिभावकों का नाम रोशन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा परिणाम पर कॉलेज फाऊंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव, संस्था चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेंद्र कादयान व सभी विभागाध्यक्षों व शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए अभिभावकों व विद्यार्थियों को श्रेष्ठत्तम परीक्षा परिणाम की बधाई दी तथा सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की। आरपीएस कॉलेज डीन डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि कोरोना जैसी महामारी को झेल कर शिक्षकों व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों के मार्गदर्शन की सर्वश्रेष्ठ सोच के प्रतिफल परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि बीएससी ऑनर्स कैमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर में पारूल सिंह ने 91 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान लेकर महाविद्यालय व क्षेत्र में शिखर पर रही। इसी क्रम में कुसुम लता ने ८९.८ प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान, दीपिका ने ८९.४ प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंशु यादव ने ८९ प्रतिशत तथा हेमलता ने ८८.२ प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा में अव्वल रही। इस प्रकार इन ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री, ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री, बॉटनी, ज्यूलोजी, अंग्रेजी विषयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।



महेंद्रगढ़। परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने पर खुशी मनाते हुए विद्यार्थी।

- बीएससी ऑनर्स कैमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित

छात्रों का शीर्ष दस में स्थान

राजकीय वमा विद्यालय में गीता

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 26 Aug 2021

# आरपीएस कॉलेज की सिमरन 92.88 प्रतिशत अंक लेकर विवि में टॉपर

- ईशू शर्मा 90.88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय सेमेस्टर में विवि की सूची में टॉपर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से मंगलवार शाम बीएससी ऑनर्स भौतिक तृतीय व पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना की छात्रा सिमरन पुत्री सुशील 92.88 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें सेमेस्टर में प्रथम व ईशू शर्मा पुत्री 90.88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय सेमेस्टर में विवि की सूची में टॉप रही। परीक्षा परिणाम से छात्रों, क्षेत्रवासियों व अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। परीक्षा परिणाम पर कॉलेज फाउंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव, संस्था चेयपर्सन डा. पवित्रा राव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेन्द्र कादयान, विभागाध्यक्षों व शिक्षकों ने खुशी जताते हुए अभिभावकों व विद्यार्थियों को श्रेष्ठत्तम परिणाम की बधाई दी तथा सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की। कॉलेज डीन डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि कॉलेज कोरोनाकाल में भी ऑनलाइन कक्षाएं लगाकर विद्यार्थियों के भविष्य व उनके लक्ष्य पर पूरा ध्यान रखा गया है। जिसके परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा घोषित भौतिक ऑनर्स तृतीय व पंचम सेमेस्टर में कॉलेज विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करके कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। उन्होंने बताया कि कॉलेज विद्यार्थी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत से पंचम सेमेस्टर में सिमरन पुत्री सुशील 92.88 फीसदी अंक लेकर प्रथम, अंजलि पुत्री राजकुमार 91.33 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व कीर्ति पुत्री भरूत कुमार 90.66 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस प्रकार तृतीय सेमेस्टर में ईशू शर्मा पुत्री बाबूलाल 90.88 प्रतिशत अंक से प्रथम, लक्ष्मी पुत्री विरेन्द्र 90.44 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान व पूजा पुत्री विरेन्द्र 89.77 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।



महेंद्रगढ़। खुशी मनाते हुए कालेज के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

भारत विकास परिषद में निःशुल्क

शिक्षा

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा घोषित ...

# विवि में छात्रा शालू 92 प्रतिशत अंक लेकर रही अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा सोमवार शाम बीएससी ऑनर्स मैथ्स और बीकॉम पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया।

जिसमें आरपीएस कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार प्रदर्शन किया है। पांचवें सेमेस्टर बीएससी ऑनर्स मैथ्स में शालू सुपुत्री नवीन 92 प्रतिशत लेकर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आरपीएस कॉलेज के डीन डॉ. सत्यपाल शर्मा ने बताया कि बीएससी ऑनर्स मैथ्स पांचवें सेमेस्टर में शालू 92 प्रतिशत लेकर प्रथम, पूजा यादव 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और इसी 83.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रही। बीकॉम पांचवें सेमेस्टर का भी परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

इस तरह सिक्स एकाउंटेंसी, बैचलर ऑफ एप्लाइड मैथ्स, ऑपरेशन रिसर्च का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा। बी.कॉम में अकाउंटिंग ऑफ मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मार्केट ऑपरेशन, ईएसएससी का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक रहा। आरपीएस कॉलेज के सीईओ प्रवीण राव ने बताया कि कठिन व सार्थक परिश्रम से किया कार्य कभी भी निष्फल नहीं जाता।

चेयरपर्सन डॉ. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादियान ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम का श्रेय उच्च कोटि के शिक्षकों, लगनशील विद्यार्थियों, अभिभावकों को दे दिया।

परीक्षा परिणाम पर कॉलेज एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव, सीईओ प्रवीण राव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, विभागाध्यक्ष [illegible] सिंह, [illegible] कुमार, [illegible] और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्रवीन आरपीएस कॉलेज बलाना के विद्यार्थी खुशी का इजहार करते। संवाद

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 1 Sep 2021

# आरपीएस कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार

- बीएससी मेडिकल में रिंकू 95.11 %, मुस्कान 94.66 % और अपर्णा 93.33 % लेकर विवि में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। जश्न मनाते हुए आरपीएस कालेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा गत दिवस बीएससी मेडिकल, ऑनर्स केमेस्ट्री और बीए पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें आरपीएस कॉलेज बलाना ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें सेमेस्टर बीएससी मेडिकल में रिंकू 95.11 प्रतिशत, मुस्कान 94.66 प्रतिशत व अपर्णा 93.33 प्रतिशत लेकर विश्वविद्यालय में शिखर पर रहते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के साथ कॉलेज क्षेत्र व अभिभावकों का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम पर कॉलेज फाउंडर डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव, संस्था सीईओ मनीष राव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेंद्र कादयान, विभागाध्यक्ष डा. डीआर भारद्वाज, डॉ. जितेंद्र जिंदल, डॉ. राजेश डागर, हरिप्रकाश जोशी, सज्जन शास्त्री, भूपेंद्र सिंह व शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए अभिभावकों व विद्यार्थियों को श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम की बधाई दी तथा सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की। आरपीएस कॉलेज के डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन से कोरोना काल में भी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों की सर्वश्रेष्ठ सोच के प्रतिफल परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
Date 7 Oct 2021

# आरपीएस डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

- छात्रा रिंकू 94.55% अंक लेकर विश्वविद्यालय में टॉप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी ने बीएससी नॉन-मेडिकल, मेडिकल व ऑनर्स मैथ्स, केमेस्ट्री, फिजिक्स व कॉमर्स, बीए छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। आरपीएस कॉलेज बलाना ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी पूरे विश्वविद्यालय में टॉप रहे।

बीएससी मेडिकल में छात्रा रिंकू 94.55% व बीएससी ऑनर्स केमेस्ट्री में मंजू 92.44 % अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में टॉप पर रही। फाउंडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव ने सभी श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। कॉलेज डीन डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि आरपीएस डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम पूरे विश्वविद्यालय में बेहतरीन रहा। बीएससी मेडिकल में छात्रा रिंकू ने 94.55% , मुस्कान ने 91.31% के साथ द्वितीय, अपर्णा ने 91.10% तृतीय स्थान हासिल किया। बीएससी नॉन-मेडिकल में छात्रा अंशु कौशिक 83.24% से प्रथम, मोनिका 84 % से द्वितीय व अमिशा 82.96 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। बीएससी ऑनर्स केमेस्ट्री में छात्रा मंजू 92.44 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रिया 90.35 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व कृति 86.44 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। बीएससी ऑनर्स मैथ्स में छात्रा दीपिका 89.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, शालू 85.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। बीएससी ऑनर्स फिजिक्स में छात्रा सिमरन 87.85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कीर्ति 86.96 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व अंजलि 84.85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। इस प्रकार बीकॉम छठे सेमेस्टर में छात्रा सुप्रिया 79.83 से प्रथम व निकिता 79 प्रतिशत से दूसरे स्थान पर रही। बीए छठें सेमेस्टर में निकिता 74.25 प्रतिशत प्रथम, प्रियंका 73.75 प्रतिशत द्वितीय ऑनर्स केमेस्ट्री में विषय इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री, ऑनर्स फिजिक्स में विषय इलेक्ट्रोनिक मैग्नेटीक थ्योरी, ऑनर्स मैथ्स में विषय डायनोमिक्स, बीए में विषय इतिहास व अर्थशास्त्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस प्रकार छठे सेमेस्टर बीएससी मेडिकल, नॉन-मेडिकल,ऑनर्स मैथ्स, केमेस्ट्री, फिजिक्स व कॉमर्स, बीए के विषयानुसार परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा।



महेंद्रगढ़। परीक्षा परिणाम शानदार आने पर खुशी मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## सकारात्मक बुलंदियों को छूता रहा है कॉलेज

आरपीएस कॉलेज के सीईओ मनीष राव ने बताया कि कठिन व सार्थक परिश्रम से किया गया। कार्य हमेशा सकारात्मक बुलंदियों को छूता है। परिणाम स्वरूप आरपीएस कॉलेज अपनी कड़ी मेहनत से देश प्रदेश की प्रतिभाओं को निखार कर नए भारत व राष्ट्र निर्माण में सदा प्रयत्नशील रहेगा। मनीष राव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेंद्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेंद्र कादयान, विभागाध्यक्ष डा. जितेंद्र जिंदल, अर्चना साहू, डा. डीआर भारद्वाज, डा. राजेश डागर, मोहित सेठिया, वाईपी सिंह, डा. विवेक, डा. विकास, देवेंद्र, नरेश कुमार, राकेश कुमार, हंसराज, मंजीत कुमार, हरिप्रकाश जोशी, सज्जन शास्त्री, भूपेंद्र कुमार, निलम कुमारी, रामौतार यादव, राकेश यादव, मंजीत गोठवाल आदि थे।

हरिभूमि
रोहतक -महेन्द्रगढ़
Date 10 Sep 2021

...र जताया है। ... सड़क का निर्माण मंजूर करने पर उनका आभार व्यक्त किया है।



महेंद्रगढ़। जश्न मनाते विद्यार्थी व कालेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# बीएससी नॉन मेडिकल में आरपीएस की प्रियंका टॉपर

■ आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से बीएससी नॉन-मेडिकल, मेडिकल, ऑनर्स मैथ्स व कॉमर्स तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आरपीएस कॉलेज बलाना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी पूरे विश्वविद्यालय में टॉप रहे। बीएससी मेडिकल में निधि 94 प्रतिशत व नॉन-मेडिकल में प्रियंका कुमारी 93.04 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में टॉप पर रही। इस अपार खुशी पर कॉलेज के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव ने सभी श्रेष्ठतम परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। कॉलेज डीन डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरपीएस डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम पूरे विवि में बेहतरीन रहा। बीएससी मेडिकल में छात्रा निधि पुत्री सत्यवान 94 प्रतिशत अंक लेकर इलाके की शान बनी। सोनू पुत्री विजय कुमार 90.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, दिव्या पुत्री नरेन्द्र 87.60 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। बीएससी नॉन-मेडिकल में छात्रा प्रियंका कुमारी पुत्री रविन्द्र कुमार 93.4 प्रतिशत अंक से प्रथम हर्षिता पुत्री हरिकेश 92.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय व पूजा पुत्री रामौतार 92 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। बीएससी ऑनर्स मैथ्स में छात्रा रेनू कुमारी पुत्री विरेंद्र कुमार 85.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रिया पुत्री परमिल 85.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व पिंकी पुत्री जोगेंद्र 85.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। वहीं बीकॉम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम भी सराहनीय रहते हुए बीआरएफ विषय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date 4 Aug 2022

डा. प्रदीप यादव सहित स्टाफ मौजूद रहा।

10 मीटर एयर पिस्टल यूथ महिला वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।

किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के लिए समय-समय

मशरूम उत्पादन इकाई, मधुमक्खी पालन, मशीनीकरण, संरक्षित खेती

# अमिता फिजिक्स में 90.13 प्रतिशत लेकर रही प्रथम

## इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी ने किया परीक्षा परिणाम घोषित

**ऐसे परीक्षा परिणाम कठिन मेहनत के साथ सच्ची लगन का प्रतीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से गत दिवस एमएससी फिजिक्स तृतीय समेस्टर व बीकॉम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें आरपीएस कॉलेज बलाना की छात्रा अमिता कुमारी एमएससी फिजिक्स में पूरे महाविद्यालय में 90.13 प्रतिशत अंक लेकर टॉप रही। कॉलेज के डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि एमएससी फिजिक्स में अमिता कुमारी 90.13 प्रतिशत के साथ प्रथम, मनीषा शर्मा 89.47 प्रतिशत से द्वितीय और नेहा 89.33 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रही। प्रीति 88.93 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ व पंकज यादव 88.80 प्रतिशत अंक लेकर पांचवें नंबर पर रहे। बीकॉम तृतीय सेमेस्टर में साक्षी 86.5 प्रतिशत से प्रथम, खुशी 84.2 प्रतिशत से द्वितीय व खुशबू 78.1 प्रतिशत से तृतीय स्थान पर रही। संस्था चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव ने कहा कि उच्चतम शिक्षा क्षेत्र में इस प्रकार के परीक्षा परिणाम कठिन मेहनत के साथ-साथ सच्ची लगन का प्रतीक है। संस्था फांउडर डायरेक्टर डा. ओपी यादव ने कहा कि इस परीक्षा परिणाम का श्रेय अभिभावकों की सोच, शिक्षकों की कठिन परिश्रम व विद्यार्थियों की लग्न को जाता है। यह इलाके व क्षेत्र की बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर डॉयरेक्टर डा. महेश यादव, रजिस्ट्रार डा. देवेन्द्र यादव, प्रिंसिपल डा. देवेन्द्र कादयान, अर्चना साहू, मोहित कुमार सैतिया, डा. ज्योति, सोमबीर, प्रवीन, डा. जितेन्द्र कुमार, डा. जितेन्द्र गंगवार, मंजीत, नवीन, पूनम, उत्तम, प्रिया, सचिन सुरा, सोनू आदि उपस्थित रहे।

■ आरपीएस कॉलेज बलाना की छात्रा है अमिता


# आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना की प्रतिभाओं का विवि में टॉप टेन की सूची में नौ स्थानों पर कब्जा

■ एमएससी मैथ्स में प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, आठवें व नौवें स्थान पर कॉलेज का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़


दीपिका।


ज्योति।


पिंकी।


नीतू शर्मा।

जो कार्य सच्चे मन, लग्न, कड़ी मेहनत व इमानदारी से किया जाता है तो उसमें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। यह बात आरपीएस कॉलेज बलाना के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव ने कही जब इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा घोषित एमएससी मैथ्स व ज्योग्रोफी के टॉप टेन सूची में कॉलेज के नौ विद्यार्थियों ने दबदबा दिखाकर देश-प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आरपीएस कॉलेज के डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि आरपीएस कॉलेज बलाना इंदिरा गांधी विवि संबद्ध है। कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एमएससी मैथ में पांच स्थानों पर विद्यार्थियों ने कब्जा किया। विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर ज्योति पुत्री हरेन्द्र सिंह, द्वितीय स्थान पर पूजा पुत्री अभय सिंह, चौथे स्थान पर प्रियंका पुत्री महावीर सिंह, आठवें स्थान पर मोनिका पुत्री सुरेश तथा नौवें स्थान पर पूनम पुत्री जयवीर ने कब्जा किया। इस प्रकार एमएससी ज्योग्रोफी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आरपीएस कॉलेज का कब्जा रहा, जिसमें दीपिका सांगवान पुत्री संजीव सांगवान प्रथम, पिंकी पुत्री अशोक कुमार द्वितीय, नीतू शर्मा पुत्री दिनेश शर्मा तृतीय तथा पूजा पुत्री राजेन्द्र सिंह चौथे स्थान पर रही। डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव ने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कॉलेज प्रबंधन समिति व शिक्षक दृढ़ संकल्पित हैं। सीईओ मनीष राव ने कहा कि इतनी बड़ी उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों की सोच विद्यार्थियों की लग्न व शिक्षकों की कड़ी मेहनत को जाता है। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने कहा कि आरपीएस कॉलेज विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ समग्र उन्नति के लिए प्रयासरत है। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश कुमार यादव ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। मौके पर विभागाध्यक्ष वाईपी सिंह, हेमंत कुमार, नरेश कुमार, राकेश कुमार, हंसराज, अरविन्द कुमार, अनिल कुमार, आदि शिक्षकों ने टॉप-टेन सूची में आये विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



लिटिल एंजेल्स स्कूल